# संवाद लेखन

प्रस्तोता
सुरेन्द्रमणि मिश्र
प्र.स्ना.शिक्षक, तारापुर-1

संवादलेखन : -

आज हम संवाद लेखन नामक शीर्षक के अंतर्गत

संवाद का अर्थ ,

परिभाषा,

अच्छे संवाद की विशेषता

और उनके कुछ उदाहरणों के माध्यम से

इसे समझने का प्रयास करेंगे।

# परिभाषा

संवाद – 'वाद' मूल शब्द में 'सम्' उपसर्ग लगाने से 'संवाद' शब्द बना है,

जिसका शाब्दिक अर्थ 'बातचीत' है। इसे वार्तालाप भी कहा जाता है।

सामान्य

रूप से दो लोगों के बीच होने वाली बातचीत को संवाद कहा जाता है। दो व्यक्तियों की बातचीत को 'वार्तालाप' अथवा 'संभाषण' अथवा 'संवाद' कहते हैं।

दो लोगों में हुई बातचीत को लिखना संवाद-लेखन कहलाता है।

# संवाद लेखन की विशेषताएँ

संवाद में स्वाभाविकता होनी चाहिए।

पात्रानुकूल भाषा होनी चाहिए।

एक शिक्षित और उसके साथ संवाद कर रहे अनपढ़ की भाषा में अंतर नज़र आना चाहिए।

शैली-बोलने का तरीका प्रभावशाली होना चाहिए।

भाषा में जटिलता नहीं होनी चाहिए।

संवाद की भाषा में शालीनता अवश्य होनी चाहिए।

## उदाहरण -

**हामिद और दुकानदार का संवाद**

हामिद- यह चिमटा कितने का है ?
दुकानदार- यह तुम्हारे काम का नहीं है जी।

हामिद- बिकाऊ है कि नहीं ?
दुकानदार- बिकाऊ नहीं है तो यहाँ क्यों लाद लाये हैं ?

हामिद- तो बताते क्यों नहीं, कै पैसे का है ?
दुकानदार-छे पैसे लगेंगे।

हामिद- ठीक बताओ।
दुकानदार- ठीक-ठीक पाँच पैसे लगेंगे, लेना हो तो लो, नहीं तो चलते बनो।

हामिद- तीन पैसे लोगे ?

## भारत और आस्ट्रेलिया के बीच खेले गए प्रथम एक दिवसीय मैच

रजत – अरे! अमन तूने कल का मैच देखा था?

अमन – तू किस मैच की बात कर रहा है ?

रजत –यार, मैं तो कल के क्रिकेट मैच की बात कर रहा हूँ।

अमन – सच कहा यार, मजा आ गया। इसमें एक दिवसीय और ट्वेंटी-ट्वेंटी मैच दोनों का ही मज़ा था।

रजत – असली खेल तो तब शुरू हुआ जब रोहित और केदार जाधव ने बल्लेबाजी सँभाला। बाद में तो पांड्या और धोनी ने रनों का जो धूम धड़ाका किया, वह लाजवाब था। रजत भारत ने 281 रन बना लिए।

अमन – आस्ट्रेलियाइयों की बल्लेबाजी चरमराई क्या कि उनके लिए 164 रन बनाना पहाड़ हो गया और भारत ने मैच जीत लिया।

रजत – मज़ा आ गया यह मैच देखकर।

## दो दोस्तों के बीच जीवन लक्ष्य को लेकर संवाद लेखन -

**अनिल:** "तुम दसवीं कक्षा के बाद कौन सा विषय लेने की सोच रहे हो?"

**आदित्य**: "मैं तो विज्ञान के विषय पढूंगा।"
**अनिल**: "क्यों?"

**आदित्य: "**क्योंकि मैं बड़े होकर एक डॉक्टर बनना चाहता हूँ। तुम्हारे जीवन का क्या लक्ष्य है?"

**अनिल:** "मैं एक अध्यापक बनना चाहता हूँ।"

**आदित्य:** "एक डॉक्टर सबकी सेवा करता है, लोगों के दुःख दर्द दूर करता है। मैं भी बड़े होकर बीमार लोगों की सहायता करना चाहता हूँ।"

•**अनिल:** "मैं विद्यार्थियों को ज्ञान प्रदान करके उनके जीवन को उज्जवल बनाना चाहता हूँ। मेरे विचार में यह सबसे अच्छी मानव सेवा है।"

# प्रश्नाभ्यास

1-संवाद किसे कहते हैं ?

2-संवाद का शाब्दिक अर्थ बताइए ।

3-संवाद लेखन किसे कहा जाता है?

4-अच्छे संवाद लेखन की तीन विशेषताएँ लिखिए।

इस प्रकार आज हमने ‘संवाद लेखन’ नामक शीर्षक के अंतर्गत

संवाद का अर्थ ,

परिभाषा,

अच्छे संवाद की विशेषता

और उनके कुछ उदाहरणों के माध्यम से

इसे जाना और समझा।

**अगली बार नए विषय के साथ पुन: मिलेंगे**

धन्यवाद

**सुरेन्द्र मणि मिश्र** प्र.स्ना.शिक्षक,
प.ऊ.के.विद्यालय, तारापुर-1